**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

# राज्यपाल ने किया सुनीता विलियम्स का वंदन, अभिनंदन

## राज्यपाल ने सुनीता विलियम्स को नारी शक्ति की प्रतीक बताया

जयपुर, 19 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री श्रीमती सुनीता विलियम्स के 9 माह बाद अंतरिक्ष से वापस लौटने पर प्रसन्नता जताते हुए वंदन, अभिनंदन किया है।

उन्होंने कहा कि श्रीमती सुनीता विलियम्स भारत ही नहीं सम्पूर्ण विश्व की गौरव हैं। वह नारी शक्ति की प्रतीक हैं।अंतरिक्ष में इतने दीर्घ समय तक अपने साहस, धैर्य, निर्भीकता से रहकर उन्होंने संपूर्ण जगत को गौरवान्वित किया हैं।

-----